# भारत में माइक्रोफाइनेंस सेक्टर

## प्रलिम्सि के लयि:

माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI), वित्तीय समावेशन, SHG, सहकारी समतियाँ, प्राथमकि कृषि ऋण समतियाँ (PACS), कंपनी अधनियिम, 2013, NBFC-MFI, भारतीय रज़िर्व बैंक

## मेन्स के लयि:

भारत में वित्तीय समावेशन, गरीबी उन्मूलन और सतत् आर्थकि वकिास में माइक्रोफाइनेंस संस्थानों का महत्त्व।

स्रोत: बीएल

## चर्चा में क्यों?

भारत में **माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र** ने वंचति परवािरों को ऋण उपलब्ध कराकर वित्तीय समावेशन में महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिाई है। लेकनि ऋण वस्तिार के बारे में बढ़ती **आशंकाएँ सख्त कानूनों और ववि‍ेकपूर्ण ऋण देने की प्रथाओं** की आवश्यकता को रेखांकति करती हैं।

## माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI) क्या हैं?

- **परचिय:**
  - **MFI वित्तीय कंपनयिाँ** हैं जो उन लोगों को **सूक्ष्म ऋण और अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती हैं** जनिकी **बैंकगि सुवधिाओं** तक पहुँच नहीं है।
- **उद्देश्य:**
  - इसका उद्देश्य **आत्मनरि्भरता** को बढ़ावा देकर **कम आय वाले और बेरोजगार व्यक्तयिों को** सशक्त बनाना है।
  - यह **वित्तीय समावेशन में महत्त्वपूर्ण** भूमकिा नभिाता है, वशिेष रूप से **सामाजकि समानता और आर्थकि सशक्तीकरण** को बढ़ावा देकर महलिाओं सहति **हाशयि‍े पर पड़े समूहों को लाभान्वति** करता है।
- **नयिामक ढाँचा:** RBI **NBFC-MFI ढाँचे (2014) के तहत MFI को वनियिमति करता है,** जसिमें **ग्राहक संरक्षण, उधारकर्त्ता सुरक्षा, गोपनीयता और ऋण मूल्य** नर्िधारण शामलि हैं।
- **माइक्रोफाइनेंस में व्यवसाय मॉडल: स्वयं सहायता समूह (SHG) और माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI)**
- **माइक्रोफाइनेंस ऋणदाताओं की श्रेणयिाँ:**




- **भारत में MFI:**
  - 31 मार्च, 2024 तक, भारत के माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में **29 राज्यों, 4 केंद्रशासित प्रदेशों और 563 ज़िलों में 168 MFI शामिल हैं, जिनके द्वारा 4.33 लाख करोड़ रुपए** के ऋण पोर्टफोलियो के साथ **3 करोड़ से अधिक ग्राहकों** को सेवा प्रदान की जा रही है।

**और पढ़ें:** [भारत में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र का इतिहास और विकास]()

## माइक्रोफाइनेंस संस्थानों (MFI) के समक्ष कौन-सी चुनौतियाँ हैं?

- **लाभप्रदता और आर्थिक स्थिरता:** MFI **सब्सिडी पर निर्भर** होते हैं, **उच्च परिचालन लागतों** का सामना करते हैं, और पूंजी तक इनकी सीमित पहुँच होती है। अधिकांश **MFI लागतों को कवर करते हैं** लेकिन **केवल एक तिहाई MFI ही पूंजीगत व्यय के बाद वास्तव में लाभप्रदता की स्थिति में होते हैं**।
  - लागतों को पूरा करने के लिये, वे **उच्च ब्याज दर वसूलते हैं**, जिससे **उधारकर्त्ताओं पर भार बढ़ सकता है।**
- **विनियामक अंतराल:** RBI **ढाँचे** के अनुसार **घरेलू आय और देयता आकलन** अनिवार्य है, लेकिन **दस्तावेज़ी अथवा प्रलेखी साक्ष्यों के अभाव** और क्रेडिट ब्यूरो डेटा में देरी से, विशेषकर अनियमित उधारदाताओं द्वारा, **सटीक मूल्यांकन** करने में बाधा उत्पन्न होती है।
- **बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा: इस क्षेत्र में अधिक विनियमित और अनियमित अभिकर्त्ताओं के फलस्वरूप ऋण आपूर्ति में वृद्धि हुई** है, जो यदा-कदा **समुचित सावधानी के अभाव** में होता है।
- **अनुपयुक्त मॉडल चयन:** भारत में MFI मुख्य रूप से **SHG या JLG ऋण मॉडल का उपयोग करते हैं, जिनकी प्रभावशीलता पर प्रायः सवाल उठाए जाते हैं** और इस मॉडल के अंतर्गत चयन प्रायः **वैज्ञानिक तर्कणा पर आधारित न होकर यादृच्छिक होता है**।
  - ऋण प्रदान करने के मॉडल का चयन सुभेद्य वर्गों पर **पुनर्भुगतान के बोझ** को प्रभावित करता है **और MFI की दीर्घकालिक स्थिरता** प्रभावित होती है।
- **लैंगिक पूर्वाग्रह:** महिलाओं को वित्तीय सेवाओं की पहुँच में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ता है और पुरुषों की तुलना में उनके पास बैंक खाता होने या **औपचारिक ऋण प्राप्त करने की संभावना 15 से 20% कम होती है**।
  - हालाँकि, अध्ययनों के अनुसार पुरुषों की तुलना में महिलाओं की **ऋण चुकौती दर 17% अधिक** है।

**और पढ़ें:** [माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के समक्ष चुनौतियाँ]()

## माइक्रोफाइनेंस ऋण पर RBI के दिशा-निर्देश (2022)

- **3 लाख रुपए तक की वार्षिक आय** वाले **परिवारों के लिये** माइक्रोफाइनेंस ऋण संपार्श्विक-मुक्त हैं।
- **ऋणदाताओं को लचीली पुनर्भुगतान नीतियों** का क्रियान्वन सुनिश्चित करना चाहिये तथा **घरेलू आय का आकलन करना चाहिये।**
- **प्रति उधारकर्त्ता ऋणदाताओं की संख्या पर लगी सीमा हटा दी गई है,** लेकिन ऋण की चुकौती **मासिक आय के 50% से अधिक नहीं हो सकती।**
- **NBFC-MFI** के लिये अपने **ऋण पोर्टफोलियो का 75% माइक्रोफाइनेंस** में बनाए रखने की अनिवार्यता (85% से कम) है।
- **संस्थाओं को आय विसंगतियों** और **घरेलू आय के विवरण** की रिपोर्ट करनी होगी।
- **कोई पूर्वभुगतान दंड नहीं;** विलंब शुल्क केवल **अतिदेय राशि पर लागू है।**

## माइक्रोफाइनेंस से संबंधित सरकारी योजनाएँ कौन सी हैं?

- **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY)**
- स्वयं सहायता समूह (SHG) - बैंक लिंकेज कार्यक्रम
- **सूक्ष्म और लघु उद्यमों हेतु क्रेडिट गारंटी फंड (CGTMSE)**

## भारत में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र के धारणीय विकास हेतु प्रस्तावित सुधार क्या हैं?

- **ऋण मूल्यांकन को सुदृढ़ बनाना:** एक **मानकीकृत घरेलू आय मूल्यांकन मॉडल की स्थापना** करने के साथ ऋण ब्यूरो डेटा अपलोड को पाक्षिक से बढ़ाकर साप्ताहिक करके **वास्तविक समय पर देयता की ट्रैकिंग** को उन्नत बानाया जाना चाहिये।
- **उधारकर्त्ता की पहचान:** ऋण दोहराव को रोकने एवं सटीक देयता मूल्यांकन सुनिश्चित करने के क्रम में **MFI के लिये आधार-आधारित KYC** को अनिवार्य बनाया जाना चाहिये।
  - अधिक पारदर्शिता के लिये सभी संस्थागत ऋणदाताओं (विनियमित और अनियमित दोनों) को शामिल करने के क्रम में **क्रेडिट ब्यूरो की भागीदारी का विस्तार** करना चाहिये।
- **आवश्यकता-आधारित ऋण मॉडल अपनाना: MFI** को केवल SHG या JLG पर निर्भर रहने के बजाय **उधारकर्त्ता की ज़रूरतों के आधार** पर ऋण मॉडल चुनना चाहिये।
  - MFI को **ऋण के अलावा बचत, बीमा एवं सूक्ष्म निवेश** को भी इसमें शामिल करना चाहिये जिससे व्यापक वित्तीय **समावेशन सुनिश्चित होने के साथ ऋण पर निर्भरता कम** हो।
- **लैंगिक रूप से समावेशी वित्तपोषण:** बैंकिंग एवं ऋण तक महिलाओं की पहुँच में सुधार करके **लैंगिक रूप से समावेशी वित्तीय नीतियों** को बढ़ावा देना चाहिये।
- **सशक्त प्रभाव आकलन: गरीबी उन्मूलन** में इनकी प्रभावशीलता को **सटीक रूप से मापने** के साथ **डेटा-संचालित नीति सुधार** सुनिश्चित करने के क्रम में माइक्रोफाइनेंस हस्तक्षेपों का व्यापक और निष्पक्ष मूल्यांकन करना चाहिये।

**और पढ़ें:** **माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र**

***??????? ?????? ????????? ???????:***

प्रश्न: भारत में माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं के समक्ष प्रमुख चुनौतियों को बताते हुए चर्चा कीजिये कि उन्हें किस प्रकार दूर किया जा सकता है?

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

### ***??????????***

**Q. माइक्रोफाइनेंस कम आय वर्ग के लोगों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना है। इसमें उपभोक्ता और स्वरोज़गार करने वाले दोनों शामिल हैं। माइक्रोफाइनेंस के तहत दी जाने वाली सेवा/सेवाएँ हैं (2011)**

1. ऋण सुविधाएँ
2. बचत सुविधाएँ
3. बीमा सुविधाएँ
4. फंड ट्रांसफर सुविधाएँ

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

---

### ***??????:***

महिला स्वयं सहायता समूहों को सूक्ष्म वित्त प्रदान करने से लैंगिक असमानता, निर्धनता एवं कुपोषण के दुष्चक्र को तोड़ने में किस प्रकार सहायता मिल सकती है? उदाहरण सहित समझाइये। **(2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/microfinance-sector-in-india